Title: Need for construction of an over-bridge at railway crossing in Bihta area of Patna Parliamentary Constituency, Bihar. − Laid.

श्री राम कृपाल यादव (पटना): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र पटना के बिहटा क्षेत्र के गोमटी के पास, जो रेलवे फाटक है, उस पर यातायात काफी सघन है और उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच यह एक सम्पर्क मार्ग है और यह रेलवे फाटक एक राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है। उपरी पुल के न होने से लोगों को रेलवे फाटक के आर-पार अपने वाहनों को ले जाने में काफी समय बरबाद करना पड़ता है एवं दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। इस रेलवे फाटक पर रेलवे द्वारा एक उपरी पुल बनाने की मांग कई सालों से की जा रही है।

सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलवे फाटक पर एक उपरी पुल का निर्माण शीघ्र किया जाये।